कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट

पत्रांक : मु0चि0अ0 / एन0टी0सी0पी0 / काउन्सलिंग / 2021–22 / दिनांक :

- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,
  सयुंक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट।
- समस्त अधीक्षक,
  सामु0स्वा0केन्द्र मऊ, मानिकपुर, रामनगर, पहाडी, शिवरामपुर चित्रकूट।
- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,
  शहरी प्रा0स्वा0केन्द्र कर्वी चित्रकूट।
- जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम,
  सयुंक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट।

पत्रांक : मु0चि0अ0 / जि0तम्बाकू प्रकोष्ठ / 2020–21 / 3850 दिनांक : 23/6/021

विषय : एन0सी0डी0 कार्यकमो के साथ संचालित अन्य कार्यकमो के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर द्वारा रूटीन परामर्श के साथ तम्बाकू नियंत्रण हेतु काउन्सलिंग कराये जाने के सम्बन्ध मे।

उपरोक्त विषयक महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ / 2020–21 / 8921 लखनऊ दिनांक 10.06.2021 के कम मे जैसा कि आप अवगत है कि भारत मे प्रत्येक वर्ष लगभग 13.00 लाख लोगो की मृत्यू तम्बाकू के उपयोग से होती है। प्रदेश 35.5 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप मे तम्बाकूं का सेवन करते है जिसमे युवा वर्ग सबसे ज्यादा है। तम्बाकू सेवन से टी0बी0 व अन्य कई प्रकार के गैर संचारी रोगो के होने की सम्भावना अधिक हो जाती है।

उक्त को दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा प्रदेश मे सी0ओ0टी0पी0ए0–2003 का प्रभावी कियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यकम संचालित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत तम्बाकू से होने वाली हानियों के प्रति लोगो को जागरूक किये जाने अन्य विभागो से समन्वय स्थापित करते हुये जनजागरूकता आदि कार्यकम चलाये जा रहे है। विगत दिनांक 31.05.2021 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस को "Commit to Quit" कैम्पेन के रूप मे मनाया गया है। जिसमे जनमानस को तम्बांकू छोडने एवं तम्बाकू छोडने हेतु शपथ दिलाये जाने के साथ ही प्रदेश मे फैली कोरोना महामारी के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानो पर धूम्रपान एवं थूकने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध के सम्बन्ध मे जागरूक किया जा रहा है।

उक्त के कम मे आप समस्त को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ चिकित्सालयो मे स्थापित कोविड हेल्प डेस्क, तम्बाकूं उन्मूलन केन्द्र, एन0सी0डी0 क्लीनिक, मनकक्ष, टी0बी0 क्लीनिक, एच0आई0वी0 एडस व अन्य कार्यकमो के अन्तर्गत कार्यरत काउन्सलर से रूटीन परामर्श के साथ तम्बाकूं नियत्रण हेतु काउन्सलिंग करवाते हुये सूचना जिला तम्बाकूं नियंत्रण प्रकोष्ठ के ई–मेल आई0डी0 npcdcschitrakoot@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
चित्रकूट

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी चित्रकूट।
3. राज्य नोडल अधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ उ0प्र0 स्वास्थ्य भवन लखनऊ।
4. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी एन0सी0डी0 चित्रकूट।
5. अधिशाषी निदेशक यू0पी0वी0एच0ए0 लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
चित्रकूट